हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 17 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

15 भाजपा उपाध्यक्ष सरोज पांडे ने किए भगवान श्री...



16 सीड बॉल वितरण अभियान से पर्यावरण...





# कुर्रूभाठा मार्ग में पुल निर्माण के नाम पर भ्रष्टाचार 12 साल बाद भी नहीं हुई जांच

## लकड़ी का रपटा भी बारिश में बहा, ग्रामीणों को राशन ले जाने में हो रही है दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंच रहा है या नहीं इसे देखने वाले जिम्मेदारों ने अपना आंख बंद कर लिया है। यह आरोप क्षेत्र के ग्रामीण लगा रहे है। जांगड़ा से कुर्रूभाठा जाने वाले मार्ग में लकड़ी का एक रपटा बनाया गया था जो एक पखवाड़े पूर्व हुए झमाझम बारिश में पूरा लकड़ी का रपटा ही बह गया और इसी मार्ग में 100 मीटर की दूरी पर 12 वर्ष पहले लगभग 15 लाख रूपए की लागत से पुल का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा था लेकिन आपको जानकर आश्चर्य होगा की आज तक यह पुल निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ बल्कि नाले के दोनों किनारे बोल्डर से पिल्हर बनाकर छोड़ दिया गया और इसके ऊपर ढलाई करना भूल गए 12 साल में इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस अधूरे पुल को पूरा कराने की मांग को लेकर लगभग 25 से ज्यादा बार आवेदन, ग्राम सुराज, जन समस्या निवारण शिविर और जनपद पंचायत मैनपुर में आकर देते देते थक गए लेकिन अब इस मामले में न जांच हुई और न ही कोई कार्यवाही आखिर में ग्रामीण थक हारकर आवेदन देना ही छोड़ दिए। एक तरफ शासन प्रशासन गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के साथ ही तमाम सुविधा उपलब्ध कराने की दावा करते नहीं थकती लेकिन आज भी दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में सिस्टम लाल फीता शाही ▶▶| शेष पेज 14 पर



### लगाए गए थे बोर्ड, वह भी उखाड़ कर गायब

हरिभूमि की टीम को ग्रामीणों ने ले जाकर स्थल का निरीक्षण करवाया तो वहां सिर्फ दो पिल्हर खड़े कर दिये है और अधुरा पुल निर्माण कर छोड़ दिया गया है जिसके कारण ग्रामीणों को सड़क के बजाय खेतो से होकर जाना पड़ता है और तो और निर्माण कार्य संबंधी जो बोर्ड लगाए गए थे वह भी उखाड़ कर गायब कर दिया गया है। यहां से सभी नामो निशान मिटा दिया गया जिससे यह पता चल सके कि इस पुल का निर्माण कौन सा विभाग द्वारा किया जा रहा था। ज्ञात हो कि कुर्रूभाठा जाने के लिए दो मार्ग है जिस मार्ग में रपटा और पुल अधुरा है इस मार्ग से ग्रामीण नजदीक रास्ता के माध्यम से कुर्रूभाठा पहुंचते है और दूसरा मार्ग की दूरी अधिक है यहां के ग्रामीणों को राशन लेने के लिए जांगड़ा जाना पड़ता है।

## खबर संक्षेप



### मैनपुर-देवभोग हाईवे पर सड़क दुर्घटना, एक की मौत, एक घायल

**मैनपुर।** मैनपुर-देवभोग नेशनल हाईवे 130सी पर मंगलवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा तोरेंगा विश्राम गृह मोड़ के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक, मैनपुर जिड़ार निवासी ताराचंद (उम्र 30 वर्ष) और लोचन नेताम (उम्र 32 वर्ष) अपनी मोटरसाइकिल से मैनपुर से देवभोग जा रहे थे। तोरेंगा विश्राम गृह मोड़ पर साइड देते समय उनकी मोटरसाइकिल एक पिकअप वाहन से टकरा गई। हादसे में ताराचंद की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, लोचन नेताम का पैर टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें संजीवनी एक्सप्रेस से मैनपुर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल गरियाबंद रेफर कर दिया गया है। इस हाईवे पर लगातार हो रही दुर्घटनाएं चिंता का विषय बन गई हैं।

### कोपरा में आज मनाई जाएगी विश्वकर्मा जयंती

**कोपरा।** नगर में आज श्री विश्वकर्मा जयंती समारोह बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम साहड़ा चौक, रंगमंच भवन में आयोजित होगा। समस्त बढ़ई मिस्त्री संघ तथा ग्रामवासियों की ओर से आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में सुबह 10 बजे हवन पूजन, उसके बाद 4 बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी। रात्रि 9 बजे मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन कर श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी जाएंगी। सभी ग्रामवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना में भाग लेने की अपील की गई है। समिति द्वारा बताया गया कि यह आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना और हवन पूजन के साथ सम्पन्न होगा। समस्त ग्रामवासियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की है।

### राजमिस्त्री कल्याण संघ द्वारा विश्वकर्मा जयंती समारोह आज

**छुरा।** राजमिस्त्री कल्याण संघ द्वारा भगवान विश्वकर्मा जयंती का कार्यक्रम आयोजन किया गया है। जिसमें 17 सितंबर समय सुबह 10.00 बजे भगवान विश्वकर्मा का पूजा अर्चना, सायं 4.00 बजे रामायण पाठ, सायं 6.00 बजे महाआरती, स्थान विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण, बस स्टैण्ड, छुरा एवं रात्रिकालीन कार्यक्रम संध्या 6.00 बजे छत्तीसगढ़ी लोक कलामंच सुनील सोनी-स्टार नाईट रायपुर की प्रस्तुती होगी।

### पोखरा में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना आज

**राजिम।** 17 सितंबर को ग्राम पोखरा में भगवान श्री विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना एवं पूजन कार्यक्रम होगा। रात में मोर मयारू भाई नाचा पार्टी ग्राम भाटागांव जिला बालोद का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य नंदनी-कोमल ढीढी होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सियाराम साहू सरपंच ग्राम पंचायत पोखरा, नरेंद्र निषाद उपसरपंच ग्राम पंचायत पोखरा मौजूद रहेंगे।

### बुजुर्ग से मारपीट

**महासमुंद।** बुजुर्ग से मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को जधुरस चौहान पिता तिलराम चौहान (65 साल) तिलंजनपुर ने बताया कि उसका लड़का शिवलाल शराब पीकर घर में वाद विवाद करता रहता है।

## समस्या : डेढ़ घंटे की बारिश से रेल्वे स्टेशन के पीछे घरों में घुसा पानी

# भारी बारिश ने स्टेशन मुहल्ले को बनाया टापू, दर्जनों घरों में घुसा नाली का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

मंगलवार को हुई मूसलाधार बारिश नवापारा-राजिम के स्टेशन मुहल्ले के रहवासियों के लिए एक बार फिर मुसीबत बनकर आई। क्षेत्र की नालियों से बहती गंदी धार दर्जनों घरों में घुस गई, जिससे मुहल्लेवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेलवे विभाग जहां एक ओर यात्रियों को सुविधाएं दे रहा है, वहीं दूसरी ओर आम नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को पूरी तरह नजरअंदाज कर रहा है। मुहल्लेवासियों का कहना है कि रेलवे स्टेशन के पास की सड़क और नालियां काफी नीचे हो गई हैं, जिसके कारण थोड़ी सी भी बारिश होने पर सारा पानी ढलान से घरों में घुस जाता है। यह समस्या हर बारिश के मौसम में विकराल रूप ले लेती है। जानकारी के मुताबिक, बारिश का पानी रेलवे ट्रैक से लगे आयुष्मान हॉस्पिटल, हवेली मंदिर और रेलवे स्टेशन के गेट तक भर गया, जिससे ▶▶| शेष पेज 14 पर









### नवापारा में मूसलाधार बारिश, सड़क में बहने लगी धार

**नवापारा-राजिम।** मंगलवार सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक जमकर मूसलाधार बारिश हुई। ऐसा बारिश इस बार सावन भादो में भी देखने को नहीं मिला था। अचानक शुरू हुई बारिश के चलते लोग टीन शेड के नीचे और दुकानों में खड़े हो गए। कोई डेड़ घंटे तक झमाझम बारिश के कारण लोगों को खड़ा होना पड़ा। यहां तक कि चार पहिए और दीगर वाहन भी सड़कों के किनारे खड़े हो गए। लोग बारिश थमने का इंतजार करते रहे। बारिश थमने के बाद ही आवागमन का सिलसिला शुरू हो पाया। बता दें कि गरज-चमक के साथ हुई इस बारिश ने दशको पहले बारिशकाल में होने वाली बरसात की याद दिला दी। बारिश की ये बूंदें इतनी बड़ी और तेज थी कि 100 मीटर दूर भी कोई दिखाई नहीं पड़ रहा था। गाड़ियों का वाइपर तक काम नहीं कर रहा था। नवापारा की सड़को में अनेकों कार चालकों ने धुंध की वजह से अपनी गाड़ी रोड किनारे लगाकर बारिश थमने का इंतजार करने लगे थे। पैदल एवं दुपहिया राहगीर जहां जगह मिली वहीं रुक गए। खेती के लिए इस बारिश को अतिउत्तम माना गया है। वहीं पिछले कई महिनों से उमस से घायल लोगों के लिए राहत साबित हुआ है। हवा में नमी आ गई है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ भाजपा महामंत्री को पांच साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद


छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में एक बड़ा फैसला सुनाते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट ने भाजपा मंडल महामंत्री मैनपुर महेश कश्यप को एक नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में 5 साल कैद की सजा सुनाई है। यह मामला वर्ष 2022 का है, जिसने अपने समय में पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। अदालत ने प्रस्तुत किए गए साक्ष्य और गवाहों के बयानों को पर्याप्त मानते हुए कश्यप को दोषी करार दिया। जून 2022 में महेश कश्यप ने एक नाबालिग बच्ची को 2,000 रुपये का लालच देकर गलत नीयत से उससे छेड़छाड़ की थी। पीड़िता ने साहस दिखाते हुए तुरंत अपने परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद, परिजनों ने 4 जून 2022 को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कश्यप को गिरफ्तार कर लिया। वे लगभग 27 दिनों तक जेल में रहे, जिसके बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। यह मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चला, जहाँ अभियोजन पक्ष ने मजबूत साक्ष्य और गवाहों के बयान प्रस्तुत किए। सुनवाई पूरी होने के बाद, अपर सत्र न्यायाधीश यशवंत वासनीकर ने महेश कश्यप को भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 454 और पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी पाया। उन्हें इन अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाई गई है। इस फैसले के बाद गरियाबंद और आसपास के क्षेत्रों में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा के एक पदाधिकारी पर आरोप साबित होने से पार्टी की छवि पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं स्थानीय लोगों ने इसे न्याय की जीत बताते हुए संतोष व्यक्त किया है।



# हाईवे में खड़ी ट्रक से टकराई बाइक, एक युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में मंगलवार रात 9:00 बजे के आसपास खड़ी ट्रक में पीछे से एक तेज रफ्तार बाइक सवार घुस गया जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई, मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर से 2 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे में शराब दुकान के सामने एक ट्रक खड़ा हुआ था और गरियाबंद के तरफ से एक युवक मोटरसाइकिल में सवार होकर मैनपुर के तरफ तेज रफ्तार आ रहा था मोटरसाइकिल सवार ट्रक के पीछे घुस गया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई युवक को मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। डॉक्टरों ने युवक को मृत्यु घोषित कर दिया है युवक का नाम हरिशंकर नेताम नगरी ब्लाक चार गांव निवासी बताया जा रहा है।



### देवरी में आज मनाई जाएगी विश्वकर्मा जयंती

**कोपरा।** क्षेत्र के ग्राम देवरी बाज़ार चौक पर आज विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राजमिस्त्री संघ द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संघ के अध्यक्ष रामुलाल साहू ने बताया कि सुबह पूरे विधि-विधान के साथ मूर्ति स्थापना कर पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद भगवान विश्वकर्मा की गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो पूरे गांव का भ्रमण करेगी। रात्रि में ग्राम सेन्हाभाठा (मेघा), जिला धमतरी की प्रसिद्ध जय मां सिंहवासनी रामधुनी मंडली द्वारा मनोरंजन कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। अध्यक्ष रामुलाल साहू ने सभी ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# घटारानी-जतमई मार्ग जर्जर श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन और धार्मिक स्थलों, घटारानी और जतमई को जोड़ने वाली राजिम सड़क मार्ग की हालत बेहद खराब हो गई है। जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुकी इस सड़क के कारण लगातार दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से इस मार्ग की अतिशीघ्र मरम्मत करने की अपील की है।

समाजसेवी योगेश्वर साहू ने बताया कि राजिम जाने वाले इस मुख्य मार्ग के अलावा बेलटुकरी, भैंसातरा, कौंदकेरा और तर्रीघाट के रास्ते भी खस्ताहाल हैं। इन सड़कों पर चलना राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बेहद मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है, जिन्हें रोजाना इन्हीं खराब रास्तों से आना-जाना पड़ता है। यह सड़क छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल घटारानी, जतमई, झरझरा और छुरा जैसे महत्वपूर्ण मार्गों को जोड़ती है। बारिश के ▶▶| शेष पेज 14 पर



## कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

# विभाग प्रमुख अपने कार्यालय में स्थापना प्रभारी नामांकित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उईके ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभिन्न विभागों में समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों को तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार स्पैरो पोर्टल के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये गए है। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी स्तर के शासकीय सेवकों की नियुक्ति विभिन्न स्तर जैसे कि शासन, विभागाध्यक्ष, संभाग, जिला स्तर पर की जाती है। सभी अधिकारी-कर्मचारियों के गोपनीय प्रतिवेदन एवं अचल सम्पत्ति विवरण का संधारण पृथक-पृथक कार्यालय स्तर पर स्थापना प्रभारी द्वारा किया जाता है। इसके लिए विभाग प्रमुख अपने कार्यालय में स्थापना प्रभारी नामांकित करें। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा 2025 अभियान के तहत जिले में विभिन्न विभागों के समन्वय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विभागीय समन्वय के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन कराए। इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करें और हितग्राहियों को लाभान्वित करें।

- कलेक्टर उइके ने विभिन्न विभागों की योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली



**साउंड बॉक्स एवं डीजे आदि पर कार्यवाही करें-** कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव भी दिये। श्री उइके ने बैठक में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों को तय सीमा के बाहर संचालित करने पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश पूर्व में प्रसारित किये गए थे। इसी ▶▶| शेष पेज 14 पर

# फिंगेश्वरी में दो दिवसीय विश्वकर्मा जयंती समारोह का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

ग्राम फिंगेश्वरी (सोरिद खुर्द) में विश्वकर्मा संघ एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में दो दिवसीय भव्य विश्वकर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम 17 सितंबर बुधवार को प्रारंभ होगा, जिसमें विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। समारोह के पहले दिन, 17 सितंबर को विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और पूजा अर्चना दोपहर 12.00 बजे से होगी। शाम 6.00 बजे भगवान विश्वकर्मा जी की संध्या आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। इसके बाद, शाम 7.00 बजे से श्रीराम चरित मानसगान (रामायण) का आयोजन होगा। इस अवसर पर, मुख्य अतिथि के रूप में राजू साहू (भाजपा नेता) उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोवर्धन दीवान (सरपंच, ग्राम पंचायत-अकलवारा) करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती पुष्पलता देवानंद सिन्हा (जनपद सदस्य), कमलेश यदु (पूर्व पार्षद, नगर पंचायत-फिंगेश्वर), हेमन्त सिन्हा (मंडल अध्यक्ष भाजपा मंडल-खड़मा), और घनश्याम यदु (सचिव, ग्राम पंचायत-अकलवारा) शामिल होंगे। समारोह के दूसरे दिन, 18 सितंबर गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा जी की मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर, मुख्य अतिथि के रूप में लेखराज धुवा (सभापति, कृषि, पशुपालन, मत्स्य, जिला पंचायत गरियाबंद) और श्रीमती शिवांगी चतुर्वेदी (वन सभापति, जिला पंचायत- ▶▶| शेष पेज 14 पर

# बिजली के बढ़े बिल ने बिगाड़ा मध्यम और गरीब परिवारों का बजट, उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

माह सितम्बर गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों के लिए परेशानी का सबब लेकर आया है। सितंबर माह के पहले सप्ताह में बिजली के बढ़े बिल से घरेलू उपभोक्ता परेशान है।

मध्यम वर्गीय परिवारों के बिल जहां सात से आठ सौ रुपए प्रतिमाह आते थे। वहीं बिल सितंबर में दो हजार रुपए के करीब आए है। गरीब परिवारों के बिल पांच सौ रुपए के भीतर आते थे वो अब हजार रुपए के करीब पहुंच गए है। जिससे कई उपभोक्ता परेशानी में पड़ गए है। कई गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ गया है। कुछेक उपभोक्ता बिजली ऑफिस जाकर किस्तों में बिल जमा करने की बात कह रहे है। बता दें कि माह अगस्त में उपयोग की गई बिजली रीडिंग में परिवर्तन करते हुए चार सौ यूनिट तक हॉफ बिजली बिल हटाकर सौ यूनिट तक हॉफ बिजली बिल लागू लिया गया है। जिससे आम बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल का तगड़ा झटका लगा है। आजकल सभी घरों में लाइट एवं पंखे के अतिरिक्त टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, गीजर, इंडक्शन एवं बिजली से चलने वाले उपकरण उपयोग किए जाते है। जिससे बिजली खपत 100 यूनिट तक संभव नहीं है। बढ़े हुए बिजली बिल को लेकर लोगों में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## बिजली बिल से घरेलू उपभोक्ताओं को तगड़ा झटका



### हाफ बिजली बिल समाप्त, उपभोक्ताओं पर असर

चार सौ यूनिट तक हॉफ बिजली बिल योजना में परिवर्तन कर सौ यूनिट तक लागू किए जाने से 90 प्रतिशत उपभोक्ता प्रभावित हुए है। केवल 10 प्रतिशत उपभोक्ता ही ऐसे है जिनकी खपत 100 यूनिट तक है। महंगाई के साथ बिजली बिल में बढ़ोतरी ने जले में नमक का काम किया है। ऐन त्यौहार के समय बिजली बिल का बढ़कर आने से उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ गई है। कई परिवार अपने जरूरी खर्चे को रोककर बिजली बिल जमा करने मजबूर है। लोगो को यह अच्छी तरह से मालूम है कि यदि समय सीमा में बिजली बिल जमा नही किए तो बिजली कट जाएगी और अंधेरा में रहना पड़ेगा लिहाजा लोग सारे काम को ब्रेक कर सबसे पहले बिजली बिल जमा करते है। आज कोई भी व्यक्ति बिना बिजली के रह नही सकते।

## खबर संक्षेप



### मछली पकड़ने देशी जाल बांस की चोरिया की मांग बढ़ी

**मैनपुर।** बारिश के दिनों में खासकर छोटी नाला और खेतों के मेड़ पर लगाकर देशी अंदाज से मछली पकड़ने का एक विशेष की जाल जिसे चोरिया कहा जाता है इसकी मांग इन दिनों बढ़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार कच्चे बांस को छिलकर बहुत मेहनत के साथ इस चोरिया का निर्माण किया जाता है जिसमें काफी समय और मेहनत लगता है। चोरिया की कीमत 500 से 800 रूपये के बीच है। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोग बड़ी संख्या में निवास करते है कमार जनजाति के ग्रामीण बांस के बर्तन सूपा टोकरी, बिजना, झाडु, पर्रा व विभिन्न प्रकार के समाग्री तैयार करते है और उसे सप्ताहिक बाजार में बेचकर उससे मिलने वाले आय से जीवन यापन करते है। इन दिनों बारिश के साथ ही चोरिया की मांग बढ़ गई है कमार जनजाति के लोग बांस से चोरिया का निर्माण करते है जिसे बनाने में काफी मेहनत और बहुत समय लगाता है मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल कुल्हाड़ीघाट के आश्रित ग्राम राजाडेरा में कमार जनजाति के ग्रामीण चोरिया बनाते नजर आया। चर्चा करने पर बताया यह मछली पकड़ने का बहुत पुराना और देशी जाल है जिसे खेत के मेड़ो और छोटे-छोटे नालो पर लगाकर मछली फंसाया जाता है इसमें छोटा मछली आसानी से फंस जाता है और पानी आसानी से निकल जाता है क्योकि इस जाल के एक हिस्से खुला रहता है और दूसरे हिस्से को बंद कर दिया जाता है जिससे इसके भीतर मछली घुसने के बाद निकल नही पाता।

### सुखीपाली में बेटे ने की पिता के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पिता के साथ मारपीट के मामले में पिथौरा थाने में आरोपी बेटे के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को ईश्वर राणा निवासी ग्राम सुखीपाली ने बताया कि सगे भाई एवं बड़े पिताजी का देहांत हो जा जाने से तीज कार्यक्रम के लिए सामान खरीदकर लाया था। जिसे 15 सितंबर की शाम करीबन 7 बजे पत्नी उत्तरा राणा के साथ कहासुनी हो गई। जिसे सुनकर मेरे बेटे मुकेश राणा ने मेरी मां को चिल्ला रहे हो कहकर गाली गलौज करते पास में पड़े डंडे को उठाकर सिर में मार दिया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### टकराव : 16500 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की चेतावनी से आंदोलन और तेज होने की आशंका

# जिले में एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल नौकरी से निकालने की धमकी से बढ़ा तनाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर एनएचएम (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) कर्मचारियों और सरकार के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। अनिश्चितकालीन हड़ताल के 30वें दिन राज्य कार्यालय से स्वास्थ्य सचिव द्वारा जारी धमकी भरा पत्र सामने आया है, जिसमें हड़ताली कर्मचारियों को नौकरी से हटाने और उनकी जगह नए कर्मचारियों की भर्ती करने का निर्देश दिया गया है। यह पत्र पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य कर्मचारियों और सरकार के बीच तनाव को और बढ़ाने वाला माना जा रहा है। एनएचएम संगठन का आरोप है कि सरकार बारबार संवेदनशीलता का दावा कर रही थी, लेकिन वास्तविकता में वह कर्मचारियों की मांगों के प्रति असंवेदनशील और कठोर रवैया अपनाए हुए है। संगठन ने कहा कि अब तक 170 से अधिक ज्ञापन विधायक, मंत्री और सत्ताधारी नेताओं को सौंपे जा चुके हैं, ताकि हड़ताल का समाधान निकाला जा सके, परंतु कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया। संगठन का कहना है कि बारबार आश्वासन दिए गए, लेकिन मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक अधिकारी नियमों का हवाला देकर चर्चा से बच रहे हैं और उनके मुद्दों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। एनएचएम संगठन ने कहा कि ये कर्मचारी वर्षों से सेवा देते आ रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज़ को अनसुना किया जा रहा है।

संगठन ने यह भी कहा कि अन्य विभागों के कर्मचारियों के वेतन और भत्ते बढ़ाए जाते रहे हैं, जबकि स्वास्थ्य कर्मचारियों की जायज मांगें अनदेखी की जा रही हैं। साथ ही, जिन कमेटियों का गठन किया गया, उसमें संगठन के किसी भी पदाधिकारी को शामिल नहीं किया गया, जिससे निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता और न्याय का अभाव दिखाई देता है।

**संविधान की भावना पर हमला-** संगठन ने प्रेस विज्ञप्ति में संविधान की भावना का हवाला देते हुए कहा कि “हम भारत के लोग” की पहली पंक्ति के तहत सभी नागरिकों को जीवन यापन, रोजगार और सम्मानजनक जीवन का अधिकार प्राप्त है। संगठन ने कहा कि सरकार को यह समझना चाहिए कि कर्मचारियों की मांगें संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का हिस्सा हैं, जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता।

**आंदोलन और उग्र होगा-** एनएचएम संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने दमनकारी नीति अपनाई तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। संगठन ने राज्यपाल से हस्तक्षेप कर राहत देने और जरूरत पड़ने पर जेल भरो आंदोलन की चेतावनी दी है। संगठन ने स्पष्ट कहा कि मांगों के समाधान के लिए सरकार को लिखित आश्वासन देना होगा और बर्खास्त कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक वापस लिया जाना चाहिए।

## सरकार की संवेदनशीलता पर उठे सवाल, एनएचएम संगठन ने न्याय की मांग दोहराई



### लोकहित में समाधान की अपील

एनएचएम संगठन ने सरकार से अपील की है कि कर्मचारियों की जायज मांगों को स्वीकार कर लिखित आदेश जारी करे और संवेदनशीलता दिखाते हुए हड़ताल का समाधान निकाले। संगठन ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का संकट पूरे प्रदेश के लिए खतरा बन सकता है, इसलिए समय रहते सरकार को सकारात्मक कदम उठाने चाहिए।

### स्वास्थ्य मंत्री से वार्ता बेनतीजा

दो दिन पहले संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अमित कुमार मीरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा था कि यदि सरकार लिखित आश्वासन देकर स्वास्थ्य मंत्री ग्रेड पे जैसी मांगों को पूरा करने की प्रक्रिया शुरू कर दे तो हड़ताल स्थगित की जा सकती है। बावजूद इसके कई दौर की बातचीत के बाद भी कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। संगठन ने कहा कि सरकार को वार्ता कर बीच का रास्ता निकालना होगा, अन्यथा स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति गंभीर हो सकती है।

### निराश्रित पेंशन नहीं मिलने से बुजुर्ग और विधवा महिलाओं की बढ़ी परेशानी, कलेक्टर से गुहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिले में निराश्रित पेंशन योजना का बुरा हाल है। नियमित पेंशन नहीं मिलने की लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद जमीनी स्तर पर समस्याएं कम नही हो रही। इसके चलते बुजुर्गों को पेंशन के लिए कलेक्टोरेट तक का सफर केवल शिकायत करने के लिए करना पड़ रहा है। कर से बुजुर्ग और विधवा महिलाएं कलेक्टर कार्यालय पेंशन की मांग को लेकर शिकायत करने पहुंच रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जिले के ग्राम पंचायत झलप का सामने आया है। यहां 35 से ज्यादा महिलाओं को पिछले 10 माह से पेंशन नहीं मिला है। मामले में हितग्राही जनमत, गुड्डी, बहुरा, चैनी बाई, गीता ध्रुव, सुमारिन का कहना है कि सचिव ने पिछले 10 महीने से उन्हें पेंशन नहीं दिया है। इस कारण वे अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंची हैं। महिलाओं का कहना है कि सचिव एवं सरपंच के पास जाने पर वे पैसा आने पर देने की बात कहकर उन्हें लौटा देते हैं। पेंशन नहीं मिलने से उन पर आर्थिक संकट के बादल मंडराने लगे हैं। घर में कुछ बनाने के लिए राशन नहीं आ पा रहा है। लिहाजा, ऐसे में दो वक्त की रोटी के लिए वे मोहताज हो गए हैं। निराश्रित और विधवा पेंशन नहीं मिलने से हितग्राही बेहद परेशान हैं।

### कोपरा में चोरों का आतंक जारी, दो दिन में दूसरी वारदात

## सीसीटीवी में कैद चोरों की पहचान नहीं, नगर में सुरक्षा को लेकर चिंता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

नगर पंचायत कोपरा में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। दूसरे दिन भी चोरों ने एक व्यापारिक प्रतिष्ठान को निशाना बनाया। 15 सितंबर की रात बस स्टैंड स्थित आरके मोबाइल शॉप में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया, जिससे व्यापारियों में भय का माहौल है।

मोबाइल दुकान के संचालक विष्णु वर्मा (परतेवा निवासी) ने पाण्डुका थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार, चोर दुकान का शटर उठाकर अंदर घुसे और आईफोन 13, रेडमी मोबाइल, जियो फोन, चार्जर, ब्लूटूथ, केबल सहित कई कीमती सामान लेकर फरार हो गए। यह घटना कोपरा में लगातार दूसरी है। इससे ठीक एक दिन पहले, 14 सितंबर की रात को ग्राम पंचायत भवन के पास दिनेश साहू की किराना दुकान में भी चोरी हुई थी। दोनों ही वारदातों में चोरों की गतिविधियाँ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हैं, लेकिन पुलिस अब तक उनकी पहचान नहीं कर पाई है।



### व्यापारियों में दहशत, पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग

नगर में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में दहशत का माहौल है और व्यापार प्रभावित हो रहा है।

सीसीटीवी फुटेज देखने वाले लोगों का मानना है कि चोर नगर के ही हो सकते हैं, जो रात के अंधेरे का फायदा उठाकर खुलेआम घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस को इस संबंध में सूचित कर दिया गया है, लेकिन अब तक चोरों को पकड़ा नहीं जा सका है। नगरवासियों ने पुलिस से जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है ताकि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और व्यापारिक गतिविधियाँ सुरक्षित रह सकें।



आधी रात किराना दुकान में धावा चोरों ने उड़ाए रुपए और सामान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

नगर पंचायत कोपरा के गांधी चौक क्षेत्र में बीती रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई। पुराना पंचायत भवन के पास स्थित साक्षी किराना दुकान में आधी रात करीब 1 से 2 बजे के बीच दो नकाबपोश चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने गल्ले से 5 हजार रुपए नकद, बीड़ी-सिगरेट समेत कुछ किराना सामान चोरी कर लिया और मौके से फरार हो गए। चोरी की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि दोनों आरोपी युवक नकाब पहने गांधी चौक की ओर से आते हैं। इनमें से एक काले कपड़े और जींस में तथा दूसरा नीली जींस और हल्के हरे रंग की शर्ट में दिखाई दिया। दोनों की उम्र कम बताई जा रही है। चोरी करने के बाद चोरों ने पास ही स्थित गेपू बेकरी की गोदाम में भी ताला तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। ताले को नुकसान पहुँचाने और शटर पर खरोंच के निशान मिले हैं। इस घटना ने नगर के व्यापारियों में भय पैदा कर दिया है। पहले कभी ऐसी वारदात नहीं हुई थी। अब व्यापारी सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गए हैं। घटना की शिकायत पीड़ित व्यापारी दिनेश साहू ने पाण्डुका थाना पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि चोरी जैसी घटनाओं की जड़ में युवाओं में बढ़ती नशाखोरी और अवैध शराब कारोबार है। शाम होते ही चौक-चौराहों पर शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। नगरवासियों ने प्रशासन से नगर में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने और रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। व्यापारी वर्ग ने पुलिस से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की अपेक्षा जताई है। साथ ही नगर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता बताई है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

## पेज 13 के शेष...

### कुर्रूभाठा मार्ग में...

इस तरह हावी है कि ग्रामीणों की मांगो को सूनने वाला कोई नहीं है।

**स्थानीय अधिकारियों को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं-** इस संबंध में जनपद पंचायत मैनपुर के स्थानीय अधिकारियो से चर्चा करने पर उन्होने बताया की इस पुल का निर्माण कौन से विभाग द्वारा किया जा रहा था और कब से अधुरा है इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### भारी बारिश ने...

आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया।

**रेलवे ट्रैक से गिरती मिट्टी बनी समस्या की जड़-** इस जलभराव की एक बड़ी वजह यह भी सामने आई है कि रेलवे प्लेटफार्म के पीछे बनी दीवार से मिट्टी और मुरम (गिट्टी) लगातार नाली में गिरते रहते हैं, जिससे नाली पूरी तरह से जाम हो जाती है। जब नालियों से पानी की निकासी नहीं हो पाती, तो वह वापस घरों और सड़कों पर फैल जाता है। इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय लोग कई बार संबंधित विभागों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया है। इस पूरे मामले पर मीडिया द्वारा रेलवे इंजीनियर केके सिंह से बात करने का प्रयास किया गया, परंतु उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

**स्थायी समाधान की मांग-** मुहल्लेवासियों ने रेलवे विभाग और स्थानीय प्रशासन से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही नालियों की सफाई और सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो हर बारिश में यह स्थिति और भी भयंकर हो जाएगी। इस जलभराव के कारण न केवल संपत्ति का नुकसान होता है, बल्कि गंदगी से बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। यह स्थिति केवल रेलवे विभाग की लापरवाही नहीं, बल्कि स्थानीय प्रशासन की उदासीनता को भी दर्शाती है। जब तक रेलवे और प्रशासन मिलकर इस समस्या का कोई समुचित हल नहीं निकालेंगे, तब तक स्टेशन मुहल्ले के लोगों की यह परेशानी बनी रहेगी।

### घटारानी-जतमई...

कारण गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे वाहन चालकों को गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, और दुर्घटनाओं की संभावना और भी बढ़ जाती है।

**नवरात्रि से पहले मरम्मत की मांग-** नवरात्रि का पावन पर्व नजदीक है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु घटारानी और जतमई मंदिर दर्शन के लिए आते हैं। समाजसेवी योगेश्वर साहू ने कहा कि अगर सहसपुर से राजिम मार्ग की मरम्मत जल्द नहीं की गई, तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्राम फुलझर के निवासी साहू ने शासन-प्रशासन से इस समस्या पर तत्काल ध्यान देने और सड़कों की मरम्मत कराने की अपील की है।

### विभाग प्रमुख अपने...

तारतम्य में जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों, साउंड बॉक्स एवं डीजे आदि पर नियमानुसार सख्ती के साथ कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि ध्वनि प्रदूषण करने वाले संयंत्रों पर राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर निरंतर निगरानी करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री उइके ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए वर्तमान में संचालित योजनाओं की प्रगति एवं आयुष्मान कार्ड तथा वय वंदना कार्ड निर्माण की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने शत-प्रतिशत लोगों को स्वास्थ्य कार्ड से लाभान्वित करने आयुष्मान कार्ड बनाने विशेष शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए। साथ ही 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को अतिरिक्त स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित करने वय वंदना कार्ड निर्माण के लिए भी विशेष अभियान चलाने की भी निर्देश दिये। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग सहित महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा, पंचायत विभाग एवं स्व-सहायता समूह के सदस्यों का आवश्यक समन्वय कर कार्ययोजना बनाने को कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ श्री प्रखर चन्द्राकर, अपर कलेक्टर श्री प्रकाश राजपूत, नवीन भगत, पंकज डाहिरे, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे।

**प्रगतिरत कार्यो को तेजी से पूर्ण करें-** कलेक्टर श्री उइके ने बैठक में खरीफ सीजन में जिले में चल रहे खेती-किसानी की जानकारी ली। उन्होंने वर्षा की स्थिति सहित समितियों में खाद-बीज के भण्डारण एवं वितरण की भी जानकारी ली। इसके अलावा निजी दुकानों में खाद-बीज एवं दवाई निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत में बेचने पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज की भण्डारण सुनिश्चित की जाये। साथ ही किसानों को वितरण की भी सभी व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जाये। कलेक्टर ने बैठक में स्कूल, आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में जल जीवन मिशन के तहत नल-जल कनेक्शन प्रदाय के वर्तमान स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने बचे हुए कार्यो की जानकारी लेते हुए प्रगतिरत कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में पीएम किसान योजना के तहत ई-केवायसी एवं आधार सिडिंग की भी समीक्षा की। साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत हितग्राहियों का पंजीयन एवं फसल क्षति के प्रकरणों में क्षतिपूर्ति आबंटन के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रगतिरत कार्यो को पूर्ण करने को कहा।

### फिंगेश्वरी में दो...

गरियाबंद) मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोवर्धन दीवान (सरपंच, ग्राम पंचायत अकलवारा) करेंगे। विशेष अतिथियों में रिकेश साहू (मण्डल अध्यक्ष, भाजपा मण्डल-राजिम) और श्रीमती उर्मिला सेवन निषाद (उपसरपंच, ग्रा. पं. अकलवारा) शामिल होंगी। रात्रि में, मया के संदेश छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत कोल्दा, खल्लारी, जिला-महासमुंद (छ.ग.) द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पूरे कार्यक्रम का संचालन और संयोजन महामंत्री पालेन्द्र साहू द्वारा किया जाएगा। इस दो दिवसीय आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

### ड्रोन की मदद से कैडेट्स प्रायोगिक तौर पर फ्लाइंग की बारीकियां समझेंगे

# देवभोग के एनसीसी कैडेट को विधायक ध्रुव का तोहफा, ड्रोन के लिए दिए 1 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव अपने अलग अंदाज के लिए जाने जाते हैं। सुबह के समय मॉर्निंग वॉक पर निकलने के दौरान वे सीधे जनता से मिलते हैं और उनकी समस्याओं को सुनते हैं। इसी कड़ी में, देवभोग में मॉर्निंग वॉक के दौरान विधायक ने स्कूली छात्रों को ड्रोन खरीदने के लिए 1 लाख रुपये देने की घोषणा की, जिससे छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। विधायक जनक ध्रुव सुबह नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश तिवारी के साथ हायर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में वॉक पर निकले थे। तभी उनकी नजर आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्रांगण में एनसीसी कैडेट की ड्रिल पर पड़ी। अपने पुराने दिनों को याद कर विधायक खुद को रोक नहीं पाए और कैडेट्स के पास पहुंच गए। उन्होंने एनसीसी ऑफिसर गणेश सोनी और छात्रों से सीधी बात की और उनसे मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। छात्रों ने उन्हें बताया कि उपकरणों के अभाव में वे केवल थ्योरी की जानकारी ले पा रहे हैं और उड़ान की बारीकियों का प्रैक्टिकल अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं। कैडेट्स की इच्छा जानने के बाद विधायक ने तुरंत ड्रोन खरीदने के लिए 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा कर दी।




### प्रदेश का इकलौता जूनियर यूनिट होगा जिसके पास अपना ड्रोन होगा

एनसीसी ऑफिसर गणेश सोनी ने बताया कि वर्तमान में यहां 20 सीनियर और 20 जूनियर मिलाकर कुल 40 कैडेट हैं। तकनीकी अभ्यास के लिए उन्हें रायपुर हेड क्वार्टर जाना पड़ता है। विधायक द्वारा दिए गए 1 लाख रुपये से ड्रोन आते ही देवभोग एयर विंग प्रदेश के 25 जूनियर यूनिट में से अकेला ऐसा यूनिट होगा, जिसके पास अपना ड्रोन होगा। इस ड्रोन की मदद से कैडेट्स को प्रायोगिक तौर पर फ्लाइंग की बेसिक जानकारी, पायलटिंग, अक्षांश, देशांश और सटीक लोकेशन पर लैंड करने जैसी महत्वपूर्ण चीजें सीखने को मिलेंगी। ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि होगी। विधायक ने 2023 में इस संस्थान की स्थापना कराने वाले शिक्षक गणेश सोनी की भी सराहना की।

## खबर संक्षेप



### क्रांति सेना के मनोज सोनकर फिंगेश्वर खंड के अध्यक्ष बने

**फिंगेश्वर।** प्रदेश नेतृत्व करता छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के मुखिया अमित बघेल के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश भर में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेवा का गठन हो रहा है। दिनांक 12 सितंबर को विश्राम गृह में फिंगेश्वर खंड का विस्तार करते हुए छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के जिला उपाध्यक्ष महावीर,जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष भोजराम नेताम और जिला संगठन मंत्री डॉक्टर हरिश हरित की गरिमामयी उपस्थिति में गठन हुआ जिसमें पदाधिकारी का चयन निम्न प्रकार से है। अध्यक्ष मनोज सोनकर, उपाध्यक्ष तोरण निषाद,महामंत्री निसान साहू,सचिव गौरव निषाद, सह सचिव डुमेश्वर कुमार सिंन्हा मीडिया प्रभारी मुकेश यादव को बनाया गया।इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के सेनानियों की उपस्थिति रही।

### मुढीपानी में भगवान विश्वकर्मा जयंती आज

**रसेला।** भगवान विश्वकर्मा जयंती राजमिस्त्री कल्याण संघ कुडेरादादर के द्वारा ग्राम मुढीपानी में धूमधाम से मनाया जाएगा। बुधवार यानी आज सुबह 11 बजे विश्वकर्मा देव की स्थापना एवं पुजा अर्चना किया जाएगा। 11 बजे अतिथि स्वागत दोपहर 1 बजे रामायण पाठ कार्यक्रम होगा। शाम 6 बजे महाआरती और रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम राधाकिशन लोक कला नाचा पार्टी सिलतरा ( बोरी ) जिला दुर्ग आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरीशंकर कश्यप जिला पंचायत अध्यक्ष गरियाबंद, अध्यक्षता मीरा ठाकुर जनपद पंचायत अध्यक्ष छुरा, विशेष अतिथि के रूप में चैनुराम नेताम अध्यक्ष राजमिस्त्री संघ कुडेरादादर, लेखराज ध्रुवा जिला पंचायत सदस्य, सुखराम ठाकुर जनपद सदस्य, बिमला नागेश जनपद सदस्य, लता नागेश सरपंच मुढीपानी, थनेश्वर कंवर, नारायण सिंह ठाकुर, सीमा गुप्ता उपसरपंच, ग्राम प्रमुख बृजलाल दीवान, दयाराम नागेश सहित मिस्त्री संघ के सदस्यगण और ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वकर्मा राजमिस्त्री संघ शाखा कुडेरादादर जुटे हुए हैं।

### व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग

**महासमुंद।** व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग की नियमित जांच के क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खाद्य विभाग की जांच टीम द्वारा 08 सितंबर को सरायपाली एवं 12 सितंबर को बसना क्षेत्र के होटल एवं ढाबों में जांच के दौरान कुल 57 गैस सिलेंडर जब्त किया गया। जांच दल में सहायक खाद्य अधिकारी सरायपाली हरीश सोनेश्वरी, खाद्य निरीक्षक सरायपाली अविनाश दुबे, खाद्य निरीक्षक बसना हेमंत वर्मा, खाद्य निरीक्षक पिथौरा दिव्यांशु देवागंन एवं खाद्य निरीक्षक बागबाहरा विवेक कुमार शामिल रहे। जांच दल द्वारा सरायपाली में जांच के दौरान पंडित होटल, झिलमिला में 02 नग खाली, 03 नग आंशिक भरा एवं 03 नग सील पैक भरा हुआ कुल 08 नग गैस सिलेंडर जब्त किया गया। इसी प्रकार मंजीत ढाबा में 05 नग खाली, 04 नग आंशिक भरा एवं 03 नग सील पैक भरा हुआ कुल 12 नग गैस सिलेंडर, अमृत होटल में 02 नग खाली, 03 नग आंशिक भरा एवं 02 नग सील पैक भरा हुआ कुल 7 नग गैस सिलेंडर, शिवानी स्वीट्स में 05 नग भरा कुल 04 नग गैस लिंडर को जप्त किया गया।

**समस्या :** शहर के भीतर व बाहरी सड़कों के प्रमुख स्थानों पर भी रहता है जमघट

# सड़कों पर है आवारा मवेशियों का आतंक, आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

राजिम को जोड़ने वाले हर सड़क मार्ग पर आवारा मवेशियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिसके चलते आए दिन गंभीर दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन हादसों में न केवल लोगों की जान जा रही है और वे गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं, बल्कि वाहनों का भी भारी नुकसान हो रहा है। इसके बावजूद, शासन-प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। रात के समय सड़कों पर बैठे ये जानवर अक्सर दिखाई नहीं देते, खासकर यदि उनका रंग काला हो। इस वजह से वाहन चालक उनसे टकरा जाते हैं। जहां कार सवार किसी तरह बच भी जाते हैं, भले ही उनकी गाड़ी को भारी नुकसान हो, वहीं दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह टक्कर जानलेवा साबित होती है। दो दिन पहले, नवागांव के पास एक बाइक सवार दो युवा ऐसे ही आवारा मवेशियों की चपेट में आ गए। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा अस्पताल में भर्ती है। इसी तरह, कुछ दिनों पहले सेवानिवृत्त आरआई मनीराम साहू कोमा से राजिम आते वक्त एक मवेशी से टकराकर गिर गए, जिससे उनका कंधा फ्रैक्चर हो गया।



### चौराहों और मार्गों पर जमावड़ा

यह समस्या केवल बाहरी मार्गों तक सीमित नहीं है, बल्कि नगर के भीतर भी प्रमुख स्थानों पर मवेशियों का जमघट लगा रहता है। रायपुर-गरियाबंद मुख्य सड़क मार्ग पर राजिम पुल, पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक, पेट्रोल पंप के सामने, पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक, बस स्टैंड, दत्तात्रेय मंदिर के पास और चौबेबांधा मोड़ जैसे स्थानों पर मवेशी बैठे या खड़े दिखाई देते हैं। लोग हॉर्न बजाते रहते हैं, लेकिन ये जानवर टस से मस नहीं होते, जिससे हर पल दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

### प्रशासन की अनदेखी, लोगों में गुस्सा

स्थानीय लोगों का कहना है कि मवेशियों के मालिक उन्हें घर में बांधने के बजाय सड़क पर खुला छोड़ देते हैं, जिससे ये जानवर रोज दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। प्रशासन की इस लापरवाही के कारण लोगों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। लोगों ने मांग की है कि प्रशासन इन आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए एक अभियान चलाए ताकि सड़कों को सुरक्षित बनाया जा सके और निर्दोष लोगों की जान बचाई जा सके।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने रचा नया इतिहास : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर राजिम विधानसभा क्षेत्र में विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में भव्य तैयारियां की गई हैं। इस दौरान क्षेत्रभर में 'स्वच्छता पखवाड़ा' का आयोजन किया जा रहा है। विधायक रोहित साहू ने इस विशेष दिन पर बजरंगबली मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। हरिभूमि से विशेष चर्चा में विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन सिर्फ एक नेता का व्यक्तिगत अवसर नहीं है, बल्कि यह उस भारत की कहानी है जो परंपरा और आधुनिकता के संगम से नई दिशा पा रहा है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें अगले दशक में भारत को 'विश्व गुरु' बनाने की राह पर सोचने का अवसर देता है। रोहित साहू ने प्रधानमंत्री के राजनीतिक सफर को आजादी के बाद का सबसे प्रभावशाली दौर बताते हुए उनकी प्रमुख उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 2014 में 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र के साथ शुरू हुए सफर ने जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, और स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं से करोड़ों आम लोगों के जीवन को सीधे प्रभावित किया है।



### उपलब्धियों ने गढ़ा नया भारत

विधायक ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे आर्थिक लक्ष्यों की सराहना की और जी-20 की सफल मेजबानी को भारत के बढ़ते वैश्विक कद का प्रमाण बताया। उन्होंने कश्मीर से धारा 370 हटाने, तीन तलाक पर प्रतिबंध जैसे ऐतिहासिक निर्णयों को मोदी सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति का उदाहरण बताया। रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री की छवि अब केवल भारत तक सीमित नहीं है। उनका सफर एक 'जन नेता' से 'विश्व नेता' तक का है, जिसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मिली पहचान और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्वीकृति से समझा जा सकता है। उन्होंने अंत में कहा कि आज जब प्रधानमंत्री जीवन के नए वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, तो उनके सामने विकास की गति को और तेज करने और सामाजिक समरसता को और मजबूत करने की चुनौती है।

# गरियाबंद जिला 2029 तक बाल विवाह मुक्त होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

गरियाबंद जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत, ग्राम पंचायतों में ग्रामसभाएं आयोजित कर बाल विवाह निषेध प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए जा रहे हैं। यह एक उल्लेखनीय पहल है जिसका उद्देश्य बालिकाओं के सर्वांगीण विकास और उनकी शिक्षा पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को रोकना है। कलेक्टर भगवान सिंह उइके के निर्देश पर, महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसका लक्ष्य 31 मार्च 2029 तक पूरे जिले को बाल विवाह मुक्त घोषित करना है। इस वित्तीय वर्ष में, राज्य शासन ने कुल 134 ग्राम पंचायतों और 2 नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अब तक, 70 ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सचिवों द्वारा बाल विवाह मुक्त होने का प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा चुका है। इन प्रमाणपत्रों में यह प्रमाणित किया गया है कि वर्तमान में उनके गांव में कोई भी बाल विवाह नहीं हुआ है और न ही भविष्य में ऐसा कोई विवाह होगा।

### कानूनी प्रावधान और ऑनलाइन रिपोर्टिंग

इस अभियान के तहत ग्रामवासियों को बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। उन्हें बताया जा रहा है कि विवाह के लिए लड़कियों की निर्धारित आयु 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष है। निर्धारित आयु से कम में विवाह करने वाले और इसमें सहयोग करने वाले सभी लोगों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत एक लाख रुपये का जुर्माना और 2 साल का कठोर कारावास या दोनों की सजा का प्रावधान है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार किया गया है, जहां आम लोग बाल विवाह की सूचना ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा, प्रत्येक बाल विकास परियोजना अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर और ग्राम पंचायत सचिव को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। अधिकारियों का मानना है कि बाल विवाह की रोकथाम समाज की प्रमुख जिम्मेदारी है और बच्चों की सुरक्षा सबसे जरूरी है, जिसके लिए बालिकाओं को भी जागरूक रहने की आवश्यकता है।

# शिक्षक भागचंद ने पीएम मोदी के जन्मदिन को बताया राष्ट्र के गौरव का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

राज्यपाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी ने 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को भारत की राजनीति और जनजीवन के लिए एक विशेष और महत्वपूर्ण दिन बताया है। तरीघाट ग्राम के निवासी



चतुर्वेदी ने कहा कि यह दिन केवल एक महान व्यक्तित्व के जन्म की तिथि नहीं, बल्कि /"भारत की उन्नति, आत्मनिर्भरता और विश्व मंच पर बढ़ते गौरव का प्रतीक/" भी है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के जीवन को बचपन से ही संघर्ष और राष्ट्रभक्ति की गाथा बताया, जिसमें गुजरात के वडनगर में एक साधारण परिवार से शुरू होकर जनसेवा का संकल्प शामिल था। चतुर्वेदी ने पीएम मोदी के नेतृत्व में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों पर प्रकाश डाला, जिनमें प्रमुख हैं। अनुच्छेद 370 का हटना उन्होंने इसे राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक बताया। तीन तलाक पर प्रतिबंध इसे नारी सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। राम मंदिर का निर्माण पर कहा कि यह भारत की सांस्कृतिक आस्था और गौरव की पुनर्स्थापना है। आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल इंडिया इन अभियानों को युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर पैदा करने वाला बताया। जी-20 की अध्यक्षता उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से भारत की वैश्विक पहचान और कूटनीतिक शक्ति मजबूत हुई है। चतुर्वेदी ने कहा कि मोदी जी के ये निर्णय केवल राजनीति तक सीमित नहीं हैं।

# भाजपा उपाध्यक्ष सरोज पांडे ने किए भगवान श्री राजीव लोचन के दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम



भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे ने मंगलवार को राजिम पहुंचकर भगवान श्री राजीव लोचन जी के दर्शन किए। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए मंगल कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, रायपुर ग्रामीण जिला मंत्री संचित तिवारी, नवापारा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू और नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर शामिल थे। इसके अलावा, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष अनीता यादव, मंडल महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया, नगर पंचायत के सभापति आकाश राजपूत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और महिला मोर्चा की बहनें भी इस अवसर पर मौजूद थीं।

# कुपोषित बच्चों को बांटा पौष्टिक आहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

आंगनबाड़ी के बच्चों को गोद लेकर जनप्रतिनिधि और कर्मचारी द्वारा पौष्टिक आहार वितरण किया गया। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत रसेला में कुल 6 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहा है, जिसमें 5 बच्चे कुपोषित हैं। उस 5 बच्चों को जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर,सरपंच रूपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, पटवारी रायसिंह ठाकुर गोद लेकर उन्हें 6 माह तक नियमित पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। इस प्रयास का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार करना है, खासकर ऐसे बच्चे जो अतिकुपोषित है। गोद लिए गए बच्चों को पौष्टिक आहार के रूप में उनके माताएं को चना पाउडर, मुर्रा पाउडर, शक्कर, मिल्क पाउडर, अण्डा को उबालकर बच्चे को खिलाना है। कुपोषित बच्चे जो उपस्थित थे त्रिशात पिता तिलेश्वर, अलिजा/ साबिर, पूर्वी/ कामेश्वर, दक्षित/



टिलेश्वर, अन्नया/ राजकुमार को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराएं गये। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रभा यादव, चित्ररेखा यादव, त्रिवेणी यदु, देवकुमारी ध्रुव ने बच्चों के माताएं को पौष्टिक आहार को कैसे खिलाना है इसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। बच्चों के लिए पौष्टिक आहार में फल, सब्जियां, अनाज, डेयरी उत्पाद और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ शामिल होने चाहिए, जो उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक है। इस आहार में ऊर्जा, विटामिन, खनिज और फाइबर की अच्छी मात्रा होनी चाहिए, जिससे बच्चे सक्रिय रह सकें और स्वास्थ्य रहे। पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों पर ध्यान केंद्रित करने से बच्चों को जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं और साथ ही कुल कैलोरी भी सीमित रहती है। बच्चों को क्या खिलाना है। विटामिन, प्रोटीन,वसा आयरन आदि की कितनी मात्रा देनी है, इन तमाम चीजों की सूची भी बनायी गयी है। सभी कुपोषित बच्चे के माताएं को नियमित रूप से पौष्टिक आहार खिलाने को कहा गया है। साथ ही गोद लिए जनप्रतिनिधि और कर्मचारी को बच्चे के ऊपर निगरानी करने के लिए कहा गया। इस मौके पर सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, पटवारी रायसिंह ठाकुर, हेमलता ठाकुर, माधवी नेताम, राजकुमारी, धनमत साहनी आदि मौजूद रहे।

# मां झरझरा मंदिर में देवी महापुराण कथा का आयोजन, सांसद अग्रवाल को मिला निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

क्षेत्र की दुर्गम पहाड़ियों और प्राकृतिक वादियों के बीच स्थित, झरझरा माता मंदिर में इस वर्ष नवरात्र के पावन अवसर पर एक भव्य श्रीमद् देवी महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। मान्यता है कि यहां मां झरझरा की कृपा से भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है, जिसके चलते नवरात्रि में यहाँ भारी संख्या में मनोकामना दीप प्रज्वलित किए जाते हैं। नवरात्र शुरू होने में अब केवल पाँच दिन शेष हैं और मंदिर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस वर्ष, नौ दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान में गरियाबंद जिले के अमलीपदर निवासी श्री जगन्नाथ मंदिर धाम के पुजारी युवराज पांडे जी देवी पुराण का श्रवण कराएंगे। माता की कृपा और आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह है। दूर-दराज से भी श्रद्धालु इस कार्यक्रम के लिए सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक अपने सहयोगियों के साथ



रायपुर पहुँचे। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता और वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल को झरझरा माता मंदिर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान उनके साथ ढालू साहू, अनिल साहू, रोशन साहू, हरषु सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस अवसर पर रायपुर के कई व्यापारी, नेता और अधिकारियों को भी कार्यक्रम में आने का न्योता दिया गया।

# वैज्ञानिक दृष्टिकोण में बढ़ावा देने उत्तम मंच है क्विज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जगजीत सिंह धीर एवं जिला मिशन समन्वयक श्री शिवेश कुमार शुक्ला के निर्देशन में चरणबद्ध रूप से गणित/विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता विकासखंड श्रोत समन्वयक भवन गरियाबंद में संपन्न हुआ। विकासखंड स्तर पर चुनकर आए बाल वैज्ञानिको ने कई चरणों में चले प्रश्नों का उत्तर दिया। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत प्रतियोगिता के सफल क्रियान्वयन हेतु सहायक कार्यक्रम समन्वयक श्री विल्सन पी थामस, जिला नोडल ज्ञानेन्द्र शर्मा, कपिल सिन्हा, अर्जुन धनंजय सिन्हा, जिला कार्यालय से देवेन्द्र सिंह आसनी, चंद्रहास साहू, टाकेश्वरी साहू द्वारा व्यवस्थित रूप से रूपरेखा तैयार की गई है। सहायक जिला समन्वयक विल्सन पी थामस, मनोज केला, भूपेंद्र सोनी, योगेश पटेल के आतिथ्य में समापन समारोह संपन्न हुआ। जिला मिशन समन्वयक शिवेश कुमार शुक्ला ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों में भयमुक्त वातावरण निर्मित होता है। बुद्धिलब्धि में वृद्धि होती है। बच्चों में छोटे छोटे प्रश्नों से गंभीरता आती है, प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करती है। जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम कुमार चंद्राकर ने कहा कि प्रतिभावान बच्चों की खोज हेतु उत्तम मंच है। शिक्षकों को नवाचार हेतु प्रेरित किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गरियाबंद विकासखंड, द्वितीय फिंगेश्वर विकासखंड, तृतीय मैनपुर विकासखंड रहे। सभी विजेता और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मोमेंटो से पुरस्कृत किया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बालिका सुरक्षा पर हुई स्पर्धा, साक्षी ध्रुव प्रथम

**महासमुंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसका विषय "वर्तमान परिदृश्य में बालिका सुरक्षा" रहा। प्रतियोगिता में विद्यालय की बालिकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिनमें से साक्षी ध्रुव ने प्रथम, सुश्रिया कुर्रे ने द्वितीय तथा डाली चंद्राकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य जीआर सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जागेश्वरी सोनवानी परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन, पूजा धनगर परामर्शदाता चाइल्ड हेल्पलाइन, ममता मरकाम ओआरडब्लू बाल संरक्षण इकाई तथा महेंद्र साहू ओआर डब्ल्यू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी तथा आभार प्रदर्शन तुलसी राम साहू ने किया। इस अवसर पर विमल मन्नाडे, संजय मांझी, खोमन चंद्राकर, आशीष देवांगन, हेमंत खुंटे, पूजा साहू, ज्योति किरण चंद्राकर, अनिता साहू, नोबल ध्रुव, खेमलता कंवर, दुर्गेश नंदिनी यदु सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### ग्रामीण व शहरी युवाओं को मिलेगा अवसर

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में युवाओं को स्वरोजगार के लिए सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बेरोजगार युवाओं को उद्योग स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित करना है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एमएल साहू ने बताया कि योजना के तहत निर्माण क्षेत्र में अधिकतम 50 लाख रुपए तथा सेवा क्षेत्र में अधिकतम 20 लाख रुपए तक का ऋण बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। ऋण स्वीकृति उपरांत शहरी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत तक का अनुदान भी दिया जाएगा।

विडंबना : 600 से अधिक छात्रों की पढ़ाई पर संकट

# युक्तियुक्तकरण में त्रुटि के बाद 36 सहायक शिक्षकों की वापसी, दो स्कूल शिक्षक विहीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

युक्ति-युक्तिकरण प्रक्रिया में जिला स्तर पर हुई कथित त्रुटियों के चलते संभाग स्तरीय सुनवाई समिति ने फिंगेश्वर से देवभोग आए 38 सहायक शिक्षकों की वापसी कर दी है। इस फैसले से देवभोग ब्लॉक के कई स्कूलों में एक बार फिर शिक्षकों का संकट गहरा गया है, जिससे 600 से अधिक छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होगी। बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने इस फैसले पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जब सरकार की नीति एक है, तो जिला और संभाग स्तर पर उसका पालन अलग-अलग कैसे हो रहा है। विधायक ने इसे लापरवाही और मिलीभगत बताते हुए कहा कि वह आगामी विधानसभा सत्र में इस मुद्दे को उठाएंगे और सरकार से जवाब मांगेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनके क्षेत्र के साथ हुए इस खिलवाड़ का जल्द ही समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करेंगे।

■ शिक्षकों की वापसी से देवभोग ब्लॉक के स्कूलों में गहराया संकट



### नीति के विपरीत दावा जिसे समिति ने माना

जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर ने कहा कि चूंकि यह सुनवाई समिति का विधिवत आदेश है, इसलिए उसका पालन किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर सभी प्रक्रियाएं नियमों के अनुसार पूरी की गई थीं, लेकिन नियमों की व्याख्या अलग-अलग हो सकती है। वे इस संबंध में शासन से मार्गदर्शन मांगेंगे। शिक्षकों ने अपने आवेदन में दावा किया था कि जिले में केवल 81 पद रिक्त थे, जबकि 171 शिक्षक अतिरिक्त थे। उन्होंने यह भी कहा कि वरिष्ठ महिलाओं को भी 200 किलोमीटर दूर भेजा गया, जबकि काउंसलिंग क्रम में महिलाओं को प्राथमिकता नहीं दी गई। सुनवाई समिति ने इन्हीं बिंदुओं को सही मानते हुए जिला स्तर की प्रक्रिया को गलत ठहराया है।



### समिति ने जिला स्तर की प्रक्रिया को बताया गलत

38 शिक्षकों, जिनमें 33 महिलाएं और 5 पुरुष थे, ने वरिष्ठता, दूरी और स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए स्थानांतरण प्रक्रिया को गलत ठहराया था। संभाग स्तरीय सुनवाई समिति ने इन सभी आवेदनों की सुनवाई के बाद जिला स्तर पर काउंसलिंग प्रक्रिया में खामियां पाईं। 11 सितंबर को संभाग आयुक्त संजीव श्रीवास्तव के हस्ताक्षर से जारी आदेश के बाद ज्यादातर शिक्षकों ने देवभोग से रिलीविंग भी ले ली है। देवभोग के खंड शिक्षा अधिकारी देवनाथ बघेल ने बताया कि 38 में से 20 शिक्षकों ने पहले ही ज्वाइन कर लिया था, लेकिन नए आदेश के बाद वे सभी रिलीव हो गए हैं। इस वापसी से ब्लॉक के 2 स्कूल पूरी तरह से शिक्षक विहीन हो गए हैं और 8 स्कूल **एकल शिक्षकीय** रह गए हैं। इसकी जानकारी जिला कार्यालय को भेज दी गई है।

## शिक्षामंत्री यादव के आश्वासन पर खत्म हुई दो माह पुरानी हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

लगातार दो माह से जारी कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आखिरकार शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के ठोस आश्वासन पर स्थगित कर दी गई। 16 जुलाई से आंदोलनरत ब्लॉक सहित प्रदेशभर के 43,301 कर्मचारी सोमवार को अपने-अपने मूल कार्य पर लौटेंगे। मंत्री यादव से दुर्ग स्थित उनके निवास पर हुई निर्णायक वार्ता में कई अहम मांगों पर सहमति बनी। इनमें 50 प्रतिशत वेतन वृद्धि को अनुपूरक बजट में शामिल करने का समय, युक्तियुक्तकरण में किसी भी कर्मचारी को नहीं निकाले जाने का आदेश, 12 माह का मानदेय वेतन के रूप में देने की सहमति, और नियुक्ति पत्र में त्रुटि होने पर भी किसी कर्मचारी की सेवा समाप्त न करने का आश्वासन प्रमुख हैं। साथ ही कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांग पूर्णकालिक कलेक्टर दर पर भुगतान को लेकर भी कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव पारित करने की सहमति बनी है। हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने तीन बार राष्ट्रीय राजमार्ग जाम किया और दो घंटे ड्यूटी के बजाय पूर्णकालिक आठ घंटे ड्यूटी की मांग पर डटे रहे। ब्लॉक अध्यक्ष तरुण कुमार साहू ने जानकारी दी कि सभी कर्मचारी अपने-अपने कार्य पर लौट जाएं। उन्होंने कहा की मोदी गारंटी अवश्य पूरी होगी, यह संघर्ष व्यर्थ नहीं जाएगा। वहीं वरिष्ठ कर्मचारी नेता चेतन सिन्हा ने धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा की हम 15 साल से यह मांग कर रहे हैं। थोड़ा और धैर्य रखना होगा। धीर में खीर है, और हमारी एकजुटता से मांगें पूरी होंगी। हड़ताल स्थगित होने से अब प्रदेशभर में ठप पड़े शैक्षणिक सफाई कार्य फिर से पटरी पर लौटेंगे।

■ 43 हजार से अधिक कर्मचारी लौटे काम पर

## आप पार्टी ने सड़क मरम्मत के लिए दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा




आम आदमी पार्टी (आप) की जिला स्तरीय ब्लॉक मीटिंग मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन का विस्तार करना और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना था। इसमें आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति पर भी चर्चा की गई। मीटिंग में पार्टी नेताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस बार आम आदमी पार्टी राजिम और बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने पर जोर दिया गया। बैठक में छुरा से गरियाबंद पहुंच मार्ग की दयनीय स्थिति पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। पार्टी नेताओं ने कहा कि सड़क की खराब हालत के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं और कई जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इस समस्या के समाधान के लिए पीडब्ल्यूडी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया है। जिलाध्यक्ष चमन यादव ने चेतावनी दी कि अगर कुछ दिनों में सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो आम आदमी पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। मीटिंग के दौरान आम आदमी पार्टी की रीति-नीति और जनता के प्रति समर्पण से प्रभावित होकर गरियाबंद के 12 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसमें लक्की ध्रुव, सोमू साहू, मंगल साहनी, गोकूल पटेल, सुरेश जांमडे, सुरेश पटेल, बैतालू सोनवानी, मुनाजिर मनिहार, संतोष साहू और रूपेश जामरे जैसे कार्यकर्ता शामिल थे। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष महेश यादव, विधानसभा प्रभारी सेवाराम साहू, यूथ जिलाध्यक्ष हरीश पटेल, जिला महासचिव नंदलाल यादव, ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा और यूथ ब्लॉक अध्यक्ष नवीन गायकवाड़ सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीड बॉल वितरण अभियान से पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम







शासकीय पंडित रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, राजिम में चल रहे एक लाख सीड बाल महाअभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राएं अब नगर और आसपास के विभिन्न विद्यालयों, संस्थानों व क्षेत्रों में जाकर सीड बाल बाँट रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करना भी है। अभियान के संयोजक डीआरजी इको क्लब सागर शर्मा,एनसीसी अधिकारी और मिशन लाइफ इको एवं यूथ क्लब की प्रभारी व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ के मार्गदर्शन और नेतृत्व में इको व साइंस क्लब के छात्रों ने नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाकर विद्यालय के प्राचार्य के.के. यदु को सीड बाल भेंट किए। प्राचार्य यदु ने इस प्रयास को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली की धरोहर बनेगा। इस अवसर पर कन्या शाला के व्याख्याता विवेक शर्मा, लक्ष्मी दत्ता, देवांगन सर, पापिया दास, किरण शर्मा और चेमिन साहू उपस्थित रहे तथा सभी ने छात्रों की इस पहल की सराहना की। इसके बाद छात्र शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दमौवापारा पहुँचे। यहाँ संकुल समन्वयक भारती नामदेव और समस्त स्टाफ ने बच्चों की इस पहल की प्रशंसा की और कहा कि 'यह प्रयास केवल बीज बाँटने का नहीं बल्कि समाज में हरियाली की सोच बोने का प्रयास है।' इसी कड़ी में साइंस क्लब छात्र कोमा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला और स्वास्थ्य केंद्र भी पहुँचे, जहाँ उन्होंने सीड बाल वितरित कर स्थानीय नागरिकों और स्टाफ को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। इसके साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर, कौंदकेरा में भी बच्चों ने सीड बाल बाँटकर विद्यालय परिवार को हरियाली का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं ने इन सभी स्थानों पर सीड बाल बनाने की प्रक्रिया समझाई और बताया कि मिट्टी व खाद से बने ये सीड बाल वर्षा ऋतु में स्वतः अंकुरित होकर पौधों का रूप ले लेते हैं। इस सरल विधि से हर कोई आसानी से वृक्षारोपण में भागीदार बन सकता है। व्याख्याता 'समीक्षा गायकवाड़ ने बताया कि आने वाले समय में जिले के अन्य विद्यालयों, संस्थानों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी सीड बाल वितरित किए जाएँगे। सीड बाल वितरण कार्यक्रमों में विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स, मिशन लाइफ इको क्लब और साइंस क्लब के छात्र-छात्राएँ सक्रिय रूप से शामिल रहे। उत्साहित बच्चों ने संकल्प लिया कि वे इन सीड बालों को अपने घरों, खेतों और आसपास के क्षेत्रों में भी बाँटकर हरियाली फैलाएंगे। लगातार चल रहे इस अभियान से पूरे नगर और आसपास के क्षेत्रों में हरियाली का संदेश प्रसारित हो रहा है। प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के बीच यह पहल समाज को एक नई दिशा प्रदान कर रही है।

### संकुल केन्द्र छुरा (कन्या) में शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

## शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर और कलेक्टर समेत हर पेशेवर के निर्माता : चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



संकुल केंद्र छुरा (कन्या) में मंगलवार को एक भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हो रहे, पदोन्नत हुए और युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत स्थानांतरित हुए शिक्षकों का सम्मान किया गया। समारोह में सभी गुरुजनों का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया, जिससे पूरा माहौल खुशनुमा हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे और शिक्षक शिरोमणि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। संकुल प्रभारी केके साहू ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए इसे शिक्षकों के सम्मान और पारिवारिक मिलन का उद्देश्य बताया। नवपदस्थ प्राचार्य चतुर्वेदी ने शिक्षकों को 'जननी' की संज्ञा देते हुए कहा कि शिक्षक ही डॉक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर और जननायक जैसे सभी पेशेवरों का निर्माण करते हैं। उन्होंने शिक्षकों से मिलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास की गाथा लिखने का आह्वान किया।

**भावुक विदाई और सम्मान-** अपने 35 वर्षों की सेवा पूर्ण कर रहे प्रधानपाठक एमएल साहू का संकुल परिवार द्वारा भावुक विदाई दी गई। उन्हें शॉल, श्रीफल, डायरी, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साहू ने अपने संबोधन में शिक्षकों को हर परिस्थिति में जिम्मेदारी निभाने की सलाह दी। उन्हें उनके अनुशासनप्रिय, कर्तव्यनिष्ठ और बेबाक नेतृत्व के लिए हमेशा याद किया जाएगा। वहीं, पदोन्नत हुईं प्रधानपाठिका इंदुमती राजपूत और बसंती साहू ने भी संकुल में बिताए अपने अनुभवों को साझा किया। इस दौरान खट्टे-मीठे पल याद कर सभी शिक्षकों के चेहरे पर खुशी और हंसी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम में सेजेश प्राचार्य प्रदीप मिश्रा, समन्वयक शंकर लाल यदु और रोहित नेताम सहित अन्य अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। सभी शिक्षकों ने मिलकर स्नेह भोज का आनंद लिया, जिससे यह कार्यक्रम और भी यादगार बन गया।

### देवरी स्कूल में स्वच्छता के लिए दिलाई गई शपथ

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत समस्त छात्र-छात्राओं और स्टॉफ को स्वच्छता अपनाने के लिए शपथ दिलाई गई। शपथ कार्यक्रम प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने अपने आप को, अपने विद्यालय को अपने गाँव को अपने देश को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। और बताया कि अपने दिनचर्या में अनिवार्य रूप से स्वच्छता अपना कर अपने आप को स्वस्थ रख सकते है। संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, मौसमी चंद्राकर, पुष्कर भारती, कार्तिक यादव मौजूद रहे।

